भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2807

जिसका उत्तर 12.08.2026 को दिया जाना है

विशाखापट्टनम से भोगापुरम विमानपत्तन तक हवाई यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुविधा

2807 श्री दिलीप राय:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करें

(क) क्या विशाखापट्टनम से भोगापुरम अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन तक छह-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के प्रस्ताव को सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है, यदि हां, तो परियोजना की वर्तमान स्थिति, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), अनुमानित लागत तथा कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजना का क्रियान्वयन सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो छह-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में विलंब, यदि कोई हो, के क्या कारण हैं तथा हवाई यात्रियों एवं विशाखापट्टनम क्षेत्र के निवासियों के हित में प्रस्तावित छह-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण पूर्ण करने एवं प्रचालन प्रारंभ करने की लक्षित तिथि क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जोदुगुलापलेम से भोगापुरम तक ऋषिकोंडा और भीमिली होते हुए सम्पर्क सुविधा (कनेक्टिविटी) के विकास हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। भीमली से भोगापुरम तक 19.282 किमी के ग्रीनफील्ड खंड के संरेखण को संरेखण अनुमोदन समिति (एएसी) ने मंज़ूरी दे दी है। ब्राउनफील्ड खंड के लिए, मौजूदा संरेखण के आस-पास ज़मीन खरीदने की बहुत ज़्यादा लागत को देखते हुए, कई विक्लप पर विचार किया जा रहा है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है और सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के नेटवर्क के साथ बेहतर संपर्क सुविधा और एकीकरण के लिए तथा अंतिम-छोर तक भी सम्पर्क सुविधा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेसवे के सुधार/चौड़ीकरण/निर्माण हेतु ऐसी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/व्यवहार्यता का अध्ययन करती रहती है।

परियोजना के कार्यान्वयन और निवेश का निर्णय विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के परिणाम, सम्पर्क सुविधा की आवश्यकता, यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है।

*****